राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 द्वारा अक्षय तृतीया पर होने वाले संभावित बाल विवाह की रोकथाम हेतु सोमवार को जनपद के केन सोसायटी नेहरु डिग्री कालेज, हरदोई सीएसएन कालेज में छात्र–छात्राओं को बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया, कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक अनूप तिवारी ने सभी छात्र–छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि आने वाली 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह होने की संभावना ज्यादा रहती है जिसको ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा सभी बाल हितधारकों व सम्बंधित विभागों को सख्त निर्देश प्राप्त हुआ ।

वर्ष – 03 | अंक – 248 | जौनपुर | सोमवार, 28 अप्रैल 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## पीड़ितों को न्याय मिलेगा : पीएम मोदी

बिहार, (एजेंसी)। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने एक बार फिर से पहलगाम हमले को लेकर दुख जताया और साथ ही पहलगाम के दोषियों को कड़ी सजा देने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि श्पहलगाम की घटना ने देशवासियों को पीड़ा पहुंचाई है और इसे लेकर देशवासियों के मन में गहरी पीड़ा है। लोग पीड़ित परिजनों के दर्द को महसूस कर सकते हैं। हर भारतीय का खून आतंक की तस्वीरों को देखकर खौल रहा है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी और लोकतंत्र मजबूत हो रहा था। पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हो रही थी और लोगों की कमाई बढ़ रही थी, लेकिन देश के दुश्मनों को और जम्मू कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। आतंकी चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो जाए। इस मुश्किल वक्त में 140 करोड़ देशवासियों की एकता सबसे बड़ा आधार है। पीएम मोदी ने कहा कि श्हमें इस चुनौती का सामना करने के लिए अपने संकल्पों को मजबूत करना है। हमें एक दृढ़ राष्ट्र के रूप में अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत करना है। भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो पूरी दुनिया में हैं। इस आतंकी हमले के बाद दुनियाभर से लगातार संवेदनाएं आ रही हैं। कई राष्ट्राध्यक्षों ने मुझे भी फोन करके पहलगाम की घटना पर दुख जताया है। इस जघन्य तरीके से किए गए



आतंकी हमले की सभी ने कठोर निंदा की है। पूरा विश्व आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में देश के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं उन्हें न्याय मिलेगा...और न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते गुरुवार को बिहार की एक जनसभा में भी पहलगाम हमले के दोषियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि श्आज बिहार की सरजमीं से मैं पूरी दुनिया से यह कहना चाहता हूं कि भारत इन लोगों की पहचान करेगा, उन्हें ढूंढेगा और हर आतंकी तथा उनकी मदद करने वालों को सजा देगा। हम उन्हें पृथ्वी के अंतिम छोर तक खदेड़ देंगे। भारत की आत्मा को आतंकवाद कभी नहीं तोड़ सकता। इंसाफ मिले, इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दुनिया में जो भी इंसानियत के पक्ष में है, वह हमारे साथ है। इस वक्त दुनिया में जो हमारे साथ खड़ा है, हम उनके शुक्रगुजार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि श्यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है।

## आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाए पूरा देश सरकार के साथ : अखिलेश

नई दिल्ली, (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए और पूरा देश सरकार के साथ है। यादव ने कुशीनगर पहुंचकर पूर्व विधायक पूर्णमासी देहाती एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शुकरूल्ला अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार आतंकवाद और आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए, पूरा देश सरकार के साथ है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार ठोस कदम उठाएगी। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले की घटना बेहद दुःखद और निन्दनीय है। हम सभी लोग उत्तर प्रदेश से लेकर गुजरात, हरियाणा और



देश के अन्य राज्यों के पीड़ित परिवारों के साथ हैं। यादव ने कहा कि सरकार ने पाकिस्तान को जवाब देने के लिए जो फैसले लिए है उसमें सभी सरकार के साथ हैं। पूरा देश चाहता है कि भविष्य में पहलगाम जैसी घटना न हो। उन्होंने कहा कि सरकार को हर तरह से समर्थन है और उम्मीद है कि भविष्य में सुरक्षा में कोई चूक नहीं होगी....। यादव ने कहा कि देश का हर नागरिक बड़े, बुजुर्ग, बच्चे सभी लोग इस घटना से चिन्तित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। हमें उम्मीद है कि देश की सुरक्षा, सीमाओं की रक्षा और अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार ने जो आश्वासन दिया है, उस पर अमल करेगी। यादव ने कहा कि हमारी फौज बहुत बहादुर है लेकिन भाजपा सरकार ने सेना में अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों का मनोबल गिराने का काम किया।

### संक्षिप्त समाचार

#### घाटी में हाई सिक्योरिटी अलर्ट के बीच कुपवाड़ा में सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मार हत्या

जम्मू–कश्मीर, (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कानी खास इलाके में शनिवार रात अज्ञात बंदूकधारियों ने 45 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता गुलाम रसूल मागरे को उनके घर के अंदर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि हमले में मागरे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें हंदवाड़ा के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां शुरुआती उपचार के बाद उन्हें श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मागरे को पेट और कलाई में गोली लगी है और हत्या की जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, मागरे को निशाना बनाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। गोलीबारी की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद घाटी में हाई सिक्योरिटी अलर्ट है। इस हमले में मंगलवार को 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारा गया था। पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने कश्मीर घाटी में आतंकियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कई लोगों को हिरासत में लिया गया है और कथित आतंकी समर्थकों के घरों पर छापेमारी की गई है।

#### मुंबई में ईडी दफ्तर की इमारत में लगी भीषण आग

मुंबई, (एजेंसी)। दक्षिण मुंबई के 'बलार्ड एस्टेट' इलाके में शनिवार देर रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय की इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार देर रात दो बजकर 31 मिनट पर दमकल विभाग को कुरिमभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास पांच मंजिला इमारत 'कैसर–ए–हिंद' की चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली। इसी इमारत में प्रवर्तन निदेशालय का कार्यालय है। उन्होंने बताया कि घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और इसके कारण फर्नीचर, अलमारियां और बिजली के उपकरण जलकर खाक हो गए।

## रामजीलाल सुमन के काफिले पर हमला

अलीगढ़, (एजेंसी)। समाज वादी पार्टी से राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का काफिला अलीगढ़ से होकर निकल रहा था। इस दौरान उनके काफिले को विरोध ा का सामना करना पड़ा। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने इस काफिले का विरोध किया। राजपूतों ने काली स्याही और टायर भी फेंके। इस दौरान गाड़ियां भी आपस में टकरा गई। काफिले की कई गाड़ियां आपस में टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई है। जानकारी के मुताबिक, रामजीलाल सुमन का काफिला हाथरस से बुलंदशहर जा रहा था। इस बात की सूचना मिलते ही करणी सेना के कार्यकर्ता पहुंच गए और उन्होंने काफिले का विरोध करना शुरू कर दिया। खेरेश्वर चौराहे पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं को देखकर सपा सांसद के काफिले में हड़बड़ी मच गई। जिसकी वजह से गाडियों का बैलेंस बिगड़ा और हादसा हो गया। इसमें काफिले की कई गाड़ियां आपस में टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई है। रामजीलाल सुमन के काफिले का विरोध राजपूतों ने भी किया। काले झंडे दिखाए, काली स्याही और टायर भी फेंके। इसके बाद जैसे ही रामजीलाल सुमन का काफिला आगे गभाना टोल प्लाजा पर पहुंचा तो वहां पर उन्हें पुलिस ने रोका। पुलिस ने रामजीलाल सुमन को वापस भेज दिया और कुछ ही सपा कार्यकर्ताओं को आगे जाने दिया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने पथराव करने का भी आरोप लगाया है। वहां से जैसे ही रामजीलाल सुमन का काफिला आगे गभाना टोल प्लाजा पर पहुंचा तो वहां पर पहले से ही अलीगढ़ के साथ बुलंशहर जिले के पुलिस और प्रशासनिक अधि ाकारी मौजूद थे। उन्होंने रामजीलाल सुमन के काफिले को रोक दिया। वहां पर रामजी लाल सुमन और सपा कार्यकर्ताओं की पुलिस–प्रशासन से नोक–झोंक हो गई। सपा कार्य कर्ताओं ने काफिले पर पथराव करने का भी आरोप लगाया है। बाद में पुलिस ने रामजी लाल सुमन को वापस भेज दिया। कुछ कार्यकर्ताओं को ही आगे जाने दिया।

## भारत की कार्रवाई से पाकिस्तान के फूले हाथ-पांव, 23 भारतीयों को निकाला व वीजा सुविधाएं भी की रद्द

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (च्ैस्) सीजन 10 के दौरान काम कर रहे 23 भारतीय नागरिकों को वापस भारत भेज दिया है। यह निर्णय हाल ही में जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लिया गया है, जिसमें 26 भारतीय पर्यटक मारे गए थे। पाकिस्तान पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि PSL के प्रसारण दल में शामिल इन 23 भारतीयों को लाहौर से वाघा सीमा के रास्ते भारत भेजा गया। यह कार्रवाई पाकिस्तान सरकार के आदेशों पर की गई। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन भारतीयों को बिना किसी अन्य कार्रवाई के सीधे सीमा पर पहुँचाकर भारत रवाना किया गया। भारत ने पहलगाम हमले के बाद अटारी–वाघा सीमा को बंद करने की घोषणा की थी। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के नागरिकों के लिए SAARC वीजा छूट योजना भी रद्द कर दी है, जिससे पाकिस्तानी नागरिक अब विशेष अनुमति के बिना भारत नहीं आ सकेंगे। पाकिस्तान ने भी जवाबी कदम उठाते हुए वाघा सीमा को तत्काल प्रभाव से बंद करने का ऐलान किया है। पाकिस्तान ने कहा है कि भारत से आने–जाने वाला हर प्रकार का सीमापार यातायात फिलहाल पूरी तरह से निलंबित रहेगा। केवल पहले से वैध परमिट ध ारकों को वापस लौटने की अनुमति दी गई है। साथ ही पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों के लिए ै।।त्ब् वीजा छूट के तहत जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं, हालांकि सिख तीर्थयात्रियों को अस्थायी रूप से छूट दी गई है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने भारत पर आरोप लगाया कि वह पहलगाम जैसी घटनाओं का इस्तेमाल ष्संकीर्ण राजनीतिक हितोंष् को साधने के लिए कर रहा है। समिति ने कहा कि भारत के "प्रतिशोधी रवैये" से क्षेत्र में शांति और स्थिरता को खतरा पैदा हो रहा है। पाकिस्तान ने भारतीय मीडिया पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राज्य नियंत्रित युद्धोन्मादी मीडिया क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा दे रहा है, जिसे लेकर भारत को आत्मचिंतन करना चाहिए। स्पष्ट है कि पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए सख्त कदमों से पाकिस्तान में बौखलाहट है। PSL से भारतीय कर्मचारियों को निष्कासित करना, सीमाओं को बंद करना और वीजा सुविधाओं को रद्द करना, सब इसी प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं। दोनों देशों के बीच इस समय कूटनीतिक संबंधों में भारी तनाव है और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर वैश्विक चिंता भी गहराती जा रही है।

## मुख्यमंत्री विजयन ने पहलगाम हमले में मारे गए केरल निवासी एन. रामचंद्रन के परिजनों से की मुलाकात



केरल, एजेंसी। कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले केरल निवासी एन. रामचंद्रन के घर पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को शोक संवेदना व्यक्त की। यह दौरा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें वह अपने नागरिकों के साथ... नेशनल डेस्क कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले केरल निवासी एन. रामचंद्रन के घर पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने रविवार को शोक संवेदना व्यक्त की। यह दौरा राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें वह अपने नागरिकों के साथ हर दुख की घड़ी में खड़ी रहती है। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के केरल राज्य सचिव एम. वी. गोविंदन भी मौजूद थे। विजयन ने कोच्चि के निकट एडापल्ली स्थित मंगट्टू रोड पर स्थित रामचंद्रन के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने मृतक की पत्नी शीला और बेटी आरती को सांत्वना दी और परिवार के साथ कुछ समय बिताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षति अत्यंत दुखद है और राज्य सरकार इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ी है।

पूरे राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

एन. रामचंद्रन का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। यह सम्मान राज्य सरकार की ओर से उस नागरिक को श्रद्धांजलि थी जिसने अपनी जिंदगी छुट्टियों के दौरान हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में गंवा दी। मुख्यमंत्री ने हमले की निंदा की, जताया गहरा शोक

इससे पहले मुख्यमंत्री विजयन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने कहा था, "यह हमला देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला है। हमारे लिए यह दुख और भी बढ़ जाता है क्योंकि इसमें मारे गए लोगों में से एक केरल का निवासी था।" उन्होंने कहा कि सरकार मृतक के परिवार के साथ है और उनकी हरसंभव सहायता की जाएगी।

एन. रामचंद्रन अपनी पत्नी शीला, बेटी आरती (जो दुबई में कार्यरत हैं) और जुड़वां बेटों के साथ कश्मीर में छुट्टियां मनाने गए थे। लेकिन यह छुट्टी उनके लिए एक भयावह अनुभव बन गई जब आतंकवादियों ने हमला किया और 65 वर्षीय रामचंद्रन की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना ने केवल रामचंद्रन के परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य को स्तब्ध कर दिया है।

## पहलगाम हमले पर राजनीतिक दलों को विशेष सत्र बुलाने के लिए सरकार से आग्रह करना चाहिए – सिब्बल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राज्यसभा में निर्दलीय सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को राजनीतिक दलों से अनुरोध किया कि वे पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर मई में जल्द से जल्द संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए सरकार से आग्रह करें। सिब्बल ने कहा, ''मैंने 25 अप्रैल को सुझाव दिया था कि दुख की इस घड़ी में देश की एकता प्रदर्शित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''मैं सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध करता हूं कि वे सरकार से मई में जल्द से जल्द ऐसा सत्र बुलाने का आग्रह करें। सिब्बल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने और पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया था ताकि दुनिया को यह संदेश



दिया जा सके कि देश एकजुट है। सिब्बल ने सरकार को सत्तारूढ़ और विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न महत्वपूर्ण देशों में भेजने का सुझाव भी दिया था ताकि पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह अमेरिका प्रतिबंध जैसे कदम उठाता है उसी तरह भारत को पाकिस्तान के साथ व्यापार संबंध रखने वाले सभी प्रमुख देशों से कहना चाहिए कि अगर वे इस्लामाबाद के साथ व्यापार करते हैं तो वे भारतीय बाजार में नहीं आ सकते। पार्टी लाइन से हटकर नेताओं ने आतंकवाद और आतंकवादियों के शिविरों के खिलाफ "निर्णायक कार्रवाई" का आह्वान किया था और सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया था। पहलगाम हमले पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक के दौरान सरकार ने कहा था कि वह सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय कर रही है।

## पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली लौटीं

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद रविवार को स्वदेश लौट आईं। फ्रांसिस पिछले लगभग 1,300 वर्षों में पहले गैर–यूरोपीय पोप थे। उनका सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। राष्ट्रपति के



कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद दिल्ली पहुंचीं।'' मुर्मू शनिवार को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुई थीं। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने वाले भारतीय शिष्टमंडल में राष्ट्रपति के अलावा केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डीसूजा भी थे। दुनियाभर के नेताओं और बड़ी संख्या में कैथोलिक अनुयायियों ने शनिवार को पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। मुर्मू भारत सरकार और भारतीय लोगों की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए शुक्रवार को दो दिवसीय यात्रा पर वेटिकन सिटी पहुंची थीं। भारत ने पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की थी।

## उत्तर प्रदेश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने का सिलसिला शुरू

नई दिल्ली, (एजेंसी)। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को स्वदेश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू हो गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रयागराज जिले से एक पाकिस्तानी महिला को शुक्रवार को वापस भेज दिया गया, जबकि शेष तीन महिलाएं शनिवार को लौटीं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया, ''पाकिस्तान की एक महिला शुक्रवार को यहां से जा चुकी है, जबकि तीन पाकिस्तानी महिलाओं से हमने बात कर ली है और वे आज यहां से चली जाएंगी।'' उन्होंने बताया, ''ये सभी अल्पकालिक अवधि के लिए यहां आई थीं। एक महिला इलाज के लिए आई थी। हम स्थानीय खुफिया इकाई (एलआईयू) के संपर्क में हैं और स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए हैं।'' गाबा ने कहा कि यह (पाकिस्तानी लोगों की संख्या) पूरे प्रयागराज जिले का आंकड़ा है और कुल चार पाकिस्तानी जिले में आए थे। वाराणसी में, एक अधिकारी ने बताया कि कुल 10 पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की सूचना मिली है जिनमें से एक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि वहां से अन्य साधन से उसे वापस भेजा जाएगा। वाराणसी के अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) सरवणन टी ने बताया, ''वाराणसी में कुल 10 पाकिस्तानी नागरिकों के होने की सूचना है। केंद्र सरकार के दिशानिर्देश के अनुपालन में अल्पकालिक अवधि पर वाराणसी आए एक पाकिस्तानी बुजुर्ग नागरिक को शुक्रवार को शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली भेजा गया है। दिल्ली से उन्हें पाकिस्तान भेजा जाएगा।'' सरवणन टी ने बताया कि वाराणसी में कोई भी अवैध नागरिक न रहने पाए पुलिस इसकी जांच कर रही है, किरायेदारों का सत्यापन करा कर उन्हें पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज कराया जा रहा है। मुजफ्फरनगर जिले में, एक अधिकारी ने बताया कि 30 पाकिस्तानी नागरिक मिले हैं जो अल्पावधि और दीर्घावधि वीजा पर हैं। मुजफ्फरनगर के अपर पुलिस अध ीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने कहा, ''30 पाकिस्तानी नागरिकों में से 26 दीर्घकालिक वीजा पर हैं, जबकि चार अल्पकालिक वीजा पर हैं। अध िकारियों ने अल्पावधि वीजा पर रह रहे चारों पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने को कहा था। इनमें से दो बृहस्पतिवार को भारत से चले गए, जबकि दो शुक्रवार को चले गए।'' अधिकारियों ने दीर्घकालिक वीजा पर आए 26 पाकिस्तानी नागरिकों पर नजर रखना शुरू कर दिया है और उनके स्थानों पर उनकी उपस्थिति की पुष्टि कर रहे हैं। बुलंदशहर जिले से चार पाकिस्तानी महिलाओं को वापस भेजा गया है। बुलंदशहर आई इन पाकिस्तानी महिलाओं को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वापस भेज दिया गया है। बुलंदशहर के पुलिस अधीक्षक (नगर) शंकर प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार के दिशानिर्देश पर चार पाकिस्तानी महिलाओं को वापस उनके देश भेज दिया गया है। आजमगढ़ में भी चार पाकिस्तानी नागरिक मिले हैं, लेकिन वे दीर्घकालिक वीजा पर यहां रह रहे हैं। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि आजमगढ़ में अभी तक लघुकालिक वीजा पर कोई पाकिस्तानी नागरिक नहीं रह रहा है तथा जो लोग यहां रह रहे हैं उनके पास दीर्घकालिक वीजा है। उनका कहना है कि हालांकि सभी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। मीणा ने बताया कि जो पाकिस्तानी महिलाएं यहां रह रही हैं उनमें एक महिला शादी के बाद से दीर्घकालिक वीजा पर आजमगढ़ में रह रही है। परिवार ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन किया है। मीणा के अनुसार इसी तरह तीन अन्य पाकिस्तान की महिलाओं की शादी भी जिले में हुई है जिनमें दो सगी बहनें हैं और एक ही परिवार में उनकी शादी हुई है। दोनों की उम्र 70 वर्ष से अधिक है। शाहजहांपुर जिले में दीर्घकालिक वीजा पर 11 महिलाओं समेत 15 पाकिस्तानी लोग रह रहे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यह जानकारी दी है।

# संपादकीय

## चूक की जवाबदेही

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू–कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू–कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक–चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है। बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू–कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू–कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति–नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की।

# जनरल मुनीर की डींगें और नफरत की विरासत

रवि, कोविड–19 महामारी द्वारा कहर बरपाये जाने के बाद, और जलवायु परिवर्तन एवं भू–राजनीतिक टकरावों के कारण बनी उथल–पुथल वाले वैश्विक परिदृश्य के बीच, साल 2023 में भारत की मेजबानी में आयोजित किये गये जी–20 शिखर सम्मेलन में आपसी समन्वय बनाने का एक पवित्र आह्वान उभरा था रू 'एक पृथ्वी। एक परिवार। एक भविष्य'। इस पवित्र आह्वान की गूंज दुनिया भर में हुई। तब ऐसा लग रहा था कि अब तो रार पैदा करने वाले 'उपदेश' किसी अलग ही किस्म के प्राणी का काम होगा। जैसा कि अब हमने देख लिया है, एक जनरल असीम मुनीर नामक शख्स के रूप में उसे सामने आने में ज्यादा वक्त नहीं लगा। और फिर भी, पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने बीते वक्त की बातों को याद दिलाते हुए, निश्चित तौर पर ठीक यही काम किया है। जिसके तहत कुछेक दिन पहले ही अत्यंत निश्चितता के साथ, उन्होंने दावा किया कि 'हमारी महत्वाकांक्षाएं, परंपराएं, रीति–रिवाज हिंदुओं से अलग हैं' और इस अंतर को आने वाली पीढ़ियों को पक्के तौर पर अपने दिमाग में गहरे तक समा कर रखना चाहिये। जो बात वे समझने में असफल रहे दृ या शायद वे इस बात को स्वीकार करने से डरते भी हैं – वो यह है कि भले ही मनुष्यों की परंपराएं और रीति–रिवाज भिन्न होते हैं, लेकिन पूरी मानवता का सार तो एक ही है। धर्म का चोला, संस्कृति का घूंघट और ताकत की वर्दी उतारकर देखा जाये, तो सामने आयेगा कि हम सब मानव एक ही प्रजाति के हैं, जिसके भीतर गरिमा की चाह , सुरक्षा की भावना और अपने अस्तित्व की सार्थकता के मामले में आकांक्षाएं निस्संदेह एक समान हैं। यहां यह बात समीचीन ही कही जाएगी कि जब कोई व्यक्ति एक प्रकार से अपने ही निहित पूर्वाग्रहों का बंधक बन जाता है, तो इसका स्वाभाविक परिणाम होता है कि वह एक नेता नहीं, बल्कि एक कैदी होता हैदृ किसी भी प्रकार के तर्क का नहीं, बल्कि अपने खून में रच चुके मिथक का। जनरल मुनीर अपने वतन के लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें किसी बेहतर तरह के भविष्य में लेकर नहीं जा रहे वरन वे उन्हें इतिहास के सबसे अंधेरे कोने में धकेल रहे हैं, जहां पहचान का अहसास हथियारबंद होने से कराया गया और आपसी भिन्नता को घातकता में ढाला गया है। यदि इसमें किसी को जरा सा भी संदेह लगे, तो बस केवल हाल ही में पहलगाम में जो हुआ उसे याद कर लें, जो निस्संदेह अपने आप में बहुत बड़ी दरिंदगी है, लेकिन यह घटनाक्रम और करतूत पवित्र पुस्तक में दी गई हरेक मूल्यवान सीख की पूरी तरह से अवहेलना है। इतिहास के सबसे हिंसक किरदारों ने मानवता को भिन्नता के आधार पर विभाजित करने वाली रेखाएं आत्मा के सबसे बड़े इस सत्य को अस्वीकार करके खींची हैं, वह यह है कि रू हमारा जन्म राष्ट्रों के आधार पर नहीं होता, न ही हमारा जन्म आस्था के आधार पर होता है बल्कि हम महज मनुष्यों के रूप में ही पैदा होते हैं। दरअसल, हमें स्पष्ट होना चाहिए रू यह किसी की विरासत में निहित आस्था, संस्कृति या गौरव की आलोचना नहीं है। यह गहराई से व्यक्तिगत है, जो आम तौर पर मोहक, मानव पहचान के पहलू हैं। लेकिन वर्दीधारी जब इनको हांककर, आपस में बांटकर, एक–दूसरे पर स्थाई तौर पर शक करने या 'हमारा–तुम्हारा' वाली अपनी मनमानी लकीरों को न्यायोचित बना देते हैं दृ तब वे परंपरा के वाहक न होकर, जुल्म ढहाने के औजार बन जाते हैं। ऐसा करवाने वाले शख्स के वर्दी, ब्यानबाजी, पूर्वाभ्यासित दर्प को उतारकर देखें दृ तो आप एक वह व्यक्ति पाएंगे, जिसे अपने खुद के भ्रम से मुक्त होने से डर लगता है। इस उपमहाद्वीप ने विगत में इस तरह के भ्रमों की कीमत बहुत अधिक खून बहाकर चुकाई है। देश के विभाजन ने परिवार, दोस्ती और सदियों से कायम रहे साझा अस्तित्व के टुकड़े ही कर दिए। साल 2025 में किसी शख्स के द्वारा ऐसे 'तर्क' को हवा देना न केवल बेहद गैर–जिम्मेवाराना है दृ बल्कि खतरनाक भी है। जनरल मुनीर के बोल महज पुराने युग के नहीं हैं, वे तो उस तरक्की को मटियामेट करने वाले हैं, जिसके वास्ते लाखों लोगों ने संघर्ष कियादृ जब तक कि यह एक और विभाजन करवाने के इरादे से न हो। पहला 1947 में, फिर 1971 में याह्या खान और पूर्वी पाकिस्तान वाला, और अब 2025 में? ईश्वर ही जानता है कि उन्हें अपने मन में किस लक्ष्य पर यकीन है, जिसकी वह कल्पना कर रहे हैं कहीं वह विभाजन की हैट–ट्रिक बन जाए। उन्हें यकीन है कि वे सही राह पर हैं। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पहलगाम का जिक्र करते हुए एक लोकोक्ति या रूपक का इस्तेमाल किया रू 'यह चौंकाने वाला था, लेकिन इसने आपको केवल यही दर्शाया है कि 'भले ही आप सुअर को लिपस्टिक लगाकर सजा दें, लेकिन रहेगा सुअर का सुअर ही। यह भी कि कोई नाटक कर सकता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करता, लेकिन वह आतंकवाद को प्रायोजित करता रहेगा, चाहे हम उसके साथ संबंध कितने भी सामान्य बनाने की कोशिश क्यूं न करें'। उन्होंने आगे कहा कि 'ओसामा बिन लादेन और जनरल असीम मुनीर के बीच एकमात्र अंतर यह है कि लादेन गुफा में रहता था और मुनीर महल में'। रुबिन ने एएनआई से कहा, 'इसके अलावा, दोनों एक जैसे हैं और उनका अंत भी एक जैसा होना है'। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। दक्षिण एशिया के लोग मौजूदा सूरत–ए–हाल से कहीं अधिक बेहतर के हकदार हैं। उन्हें ऐसे नेता मिलने चाहिए जो विरासत में मिली नफरत को ढोने से परे देखने की हिम्मत रखते हों। ऐसे नेता जिन्हें इस चीज की शिनाख्त हो कि आपसी भिन्नता कोई खतरा नहीं, बल्कि ताकत है। और यह भी कि शांति अलगाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ से बनती है। अगर किसी नेता के पास कोई योजना है, तो उसे सड़कों पर इकट्ठा होकर दुहाई डालने वाले लाखों लोगों की आवाज सुननी चाहिए, जिन्हें जनकल्याण पर धन लगाए जाने की बजाय उसे हथियार खरीदने और बंदूक वालों की मौज बनाने की एवज में भुगतनी पड़ रही है। इस घड़ी को पाकिस्तान के लोगों के लिए एक आईना बनने दीजिए। हर वह नेता, हर नागरिक जिसको यह भ्रम है कि विभाजन से सुख रहेगा, उसे सनद रहे कि मानवता हमारे द्वारा खींची गई रेखाओं पर नहीं, बल्कि हमारे द्वारा बनाए गए पुलों पर टिकी है। साथ ही, एक पूर्व सैन्य अधिकारी, मेरा एक संदेश हैदृ'अतुल्य भारत, अजेय भारत' है।

# गणित के अनंत दीप की अमर धरोहर

प्रो. आरके

जब संख्याएं गूंज उठती हैं और समीकरण आत्मा के साथ नृत्य करते हैं, तब एक नाम सृष्टि के कण–कण में बस जाता हैकृ श्रीनिवास रामानुजन। 26 अप्रैल, 1920, वह काला दिन जब भारत की धरती ने अपने इस अनमोल रत्न को खो दिया, पर उनकी गणितीय चेतना ने अनंत काल के लिए विश्व को रोशन कर दिया। यह पुण्यतिथि नहीं, एक महान तपस्वी की साधना का उत्सव है, जिसने गणित को न केवल विज्ञान, बल्कि काव्य, दर्शन और ईश्वर से जोड़ दिया। रामानुजन कोई साधारण गणितज्ञ नहीं थेय वे थे संख्याओं के संत, सूत्रों के साधक, और ब्रह्मांड के रहस्यों के द्रष्टा। तमिलनाडु के छोटे से शहर इरोड में 22 दिसंबर, 1887 को जन्मे रामानुजन का जीवन किसी परीकथा से कम नहीं। एक साधारण ब्राह्मण परिवार, आर्थिक तंगी और औपचारिक शिक्षा का अभावकृ ये सब उनके सामने दीवारें थीं, पर उनकी प्रतिभा ऐसी तूफानी लहर थी जो हर बाधा को चूर कर देती थी। बचपन से ही संख्याएं उनकी सखी थीं, उनके सपने थीं। जहां बच्चे मिट्टी के खिलौनों में खोए रहते, वहीं रामानुजन संख्याओं के जादुई संसार में गोते लगाते। स्कूल की किताबें उनके लिए छोटी पड़ गईंय उन्होंने स्वयं गणित के गहन समुद्र में डुबकी लगाई। 15 वर्ष की उम्र में जब उनके हाथ जी. एस. कार की 'ए सिनॉप्सिस ऑफ एलिमेंट्री रिजल्ट्स इन प्योर मैथमैटिक्स' लगी, तो यह उनके लिए किसी वेद की तरह थी। इस किताब ने उनकी प्रतिभा को पंख दिए और उनकी नोटबुक्स में सूत्रों का अमृत उमड़ने लगा। रामानुजन का गणित केवल गणनाओं का खेल नहीं थाय वह एक आध्यात्मिक यात्रा थी। उनकी कुलदेवी नमगिरी उनके लिए प्रेरणा की स्रोत थीं। वे कहते थे, 'हर सूत्र जो मेरे मन में आता है, वह देवी की कृपा है।' उनके लिए गणित और ईश्वर एक ही सत्य के दो रूप थे। उनकी रचनाएंकृ चाहे वह अनंत शृंखलाएं हों, निरंतर भिन्न हों, या विभाजन फलन कृ मानो ब्रह्मांड की गूढ़ भाषा में लिखी गई कविताएं थीं। उनकी पाई (च) की गणना के लिए दी गई शृंखलाएं इतनी सुंदर और सटीक थीं कि आज भी सुपरकंप्यूटर उनकी मदद लेते हैं। रामानुजन का विभाजन फलन, जो यह बताता है कि किसी संख्या को कितने तरीकों से छोटी संख्याओं के योग के रूप में लिखा जा सकता है, गणित में क्रांति ला गया। उनके थीटा फलन और मॉड्यूलर समीकरणों ने आधुनिक भौतिकी, क्रिप्टोग्राफी, और ब्लैक होल सिद्धांत तक में अपनी जगह बनाई। रामानुजन की प्रतिभा तब विश्व के सामने आई, जब उन्होंने 1913 में कैम्ब्रिज के प्रख्यात गणितज्ञ जी. एच. हार्डी को पत्र लिखा। उस पत्र में दर्जनों सूत्र थे, जिन्हें देख हार्डी स्तब्ध रह गए। पहले तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि कोई स्वशिक्षित भारतीय इतने गहन और मौलिक सूत्र लिख सकता है। हार्डी ने कहा, 'रामानुजन का गणित मानव मस्तिष्क से परे हैय यह ईश्वर की प्रेरणा है।' रामानुजन को कैम्ब्रिज बुलाया गया, और वहां हार्डी के साथ उनकी जोड़ी ने गणित की दुनिया में तहलका मचा दिया। हार्डी–रामानुजन फॉर्मूला, जो प्राइम नंबर्स की गणना से संबंधित है, और उनकी संयुक्त शोध पत्रिकाएं आज भी गणित के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हैं। रामानुजन की नोटबुक्स उनकी सबसे बड़ी विरासत हैं। इनमें हजारों सूत्र और प्रमेय हैं, जिनमें से कई को समझने में गणितज्ञों को दशकों लग गए। उनकी मॉक थीटा फलन, जिन्हें उन्होंने मृत्युशैया पर लिखा, गणित का एक ऐसा रहस्य है जिसे 21वीं सदी में पूरी तरह समझा गया।

## .......... विविध ..........

# कुछ भी खाते ही बनने लगती है गैस तो खा लें बस ये 6 बीज

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर अपने खानपान पर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में कई बार हमें पेट में गैस, जलन या पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ता है। यह समस्या छोटी लग सकती है, लेकिन यह दिन–प्रतिदिन बढ़ सकती है और हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकती है। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो घबराने की कोई बात नहीं है। हम आपको ऐसे कुछ बीजों के बारे में बताएंगे, जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल करके गैस की समस्या से राहत पा सकते हैं।



गैस की समस्या

गैस की समस्या आजकल बहुत सामान्य हो गई है। इसका मुख्य कारण हमारी बिगड़ी हुई जीवनशैली और खानपान है। जब हम कुछ खाते हैं, तो खाना पचने में गैस का निर्माण होता है। हालांकि, कुछ खाद्य पदार्थों को पचाना मुश्किल होता है, और इससे पेट में अधिक गैस बनती है। इससे पेट में फूलना, जलन, और असहजता हो सकती है। लेकिन अगर आप सही खाद्य पदार्थों और उपायों का सेवन करें, तो गैस की समस्या को कम किया जा सकता है।

मेथी के बीज

मेथी के बीज पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। यह पेट में गैस बनने की समस्या को दूर करने में मदद करता है। मेथी के बीज में फाइबर और एंटी–ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, मेथी के बीज पेट की सूजन और दर्द को भी कम करने में सहायक होते हैं। आप मेथी के बीज को पानी में भिगोकर रख सकते हैं और सुबह उठकर उसे सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा, आप मेथी के बीज का पाउडर भी बना कर अपने खाने में डाल सकते हैं।

सौंफ के बीज

सौंफ का सेवन पेट की गैस को कम करने के लिए एक प्राचीन घरेलू उपाय है। यह पाचन क्रिया को सुधारता है और पेट में गैस के बनने की समस्या को कम करता है। सौंफ में एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट की सूजन को भी कम करते हैं।आप सौंफ के बीज को सीधे चबा सकते हैं या फिर सौंफ का पानी बना कर पी सकते हैं। इसे खाने के बाद या भोजन के बाद लिया जा सकता है।

जीरे के बीज

जीरे के बीज पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह पेट में गैस, अपच और पेट दर्द की समस्या को दूर करता है। जीरे में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी–बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पेट को साफ रखते हैं और पाचन को सुचारू बनाते हैं।जीरे को आप पानी में उबालकर उसका काढ़ा बना सकते हैं और पी सकते हैं। इसके अलावा, आप जीरे का पाउडर अपने भोजन में भी डाल सकते हैं।

धनिया के बीज

धनिया के बीज पेट के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। यह पाचन क्रिया को बेहतर करता है और पेट में गैस बनने की समस्या को दूर करने में मदद करता है। धनिया में एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो पेट को राहत देते हैं और सूजन को कम करते हैं। धनिया के बीज को भूनकर उसका पाउडर बना लें और उसे गर्म पानी के साथ पी लें। इससे पेट को आराम मिलेगा और गैस की समस्या भी कम होगी।

अजवाइन के बीज

अजवाइन के बीज पाचन तंत्र को ठीक करने में मदद करते हैं और पेट में गैस बनने की समस्या को कम करते हैं। इसमें एंटी–बैक्टीरियल और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट को आराम देते हैं और सूजन को कम करते हैं। अजवाइन का सेवन पेट की समस्याओं को दूर करता है और पेट को साफ रखता है। आप अजवाइन के बीज को हल्का सा सेंककर खाने के बाद पानी के साथ ले सकते हैं। इससे पाचन में सुधार होगा और गैस की समस्या कम होगी।

तरबूज के बीज

तरबूज के बीज में फाइबर, मिनरल्स, और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करते हैं। यह पेट की सूजन और गैस की समस्या को कम करने में भी सहायक होते हैं। तरबूज के बीज को सेंककर खा सकते हैं या फिर उनका पाउडर बना कर पानी के साथ ले सकते हैं।

गैस की समस्या से बचने के अन्य उपाय

पानी का पर्याप्त सेवनरू पानी पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और पेट की गैस की समस्या को कम करता है। दिन भर में कम से कम 8–10 गिलास पानी पीने की कोशिश करें।

हल्का और संतुलित आहार– भारी और तली–भुनी चीजों से बचें। हल्का, पौष्टिक और फाइबर से भरपूर आहार लें, जो पाचन को बेहतर बनाए।

नियमित व्यायाम– रोजाना थोड़ा–बहुत व्यायाम करने से पाचन क्रिया सुचारू रहती है और पेट में गैस की समस्या कम होती है।

तनाव से बचावः मानसिक तनाव भी गैस की समस्या को बढ़ा सकता है, इसलिए तनावमुक्त रहने की कोशिश करें। ध्यान, योग और प्राणायाम से मानसिक शांति प्राप्त की जा सकती है।

गैस की समस्या एक आम समस्या है, लेकिन सही आहार और जीवनशैली से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। ऊपर बताए गए बीजों का सेवन पेट में गैस की समस्या को कम करने में मदद कर सकता है। इसके साथ–साथ पानी का सेवन, हल्का आहार, और नियमित व्यायाम भी गैस की समस्या से छुटकारा दिला सकते हैं। अगर फिर भी समस्या बनी रहे, तो डॉक्टर से सलाह लेना महत्वपूर्ण है।



# गुलाब जल से पाएं स्किन केयर, कैसे करें सही इस्तेमाल



गुलाब जल, अपनी गुणों से भरपूर विशेषताओं के कारण, स्किन केयर में एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है। यह न केवल त्वचा की समस्याओं को कम करने में मदद करता है, बल्कि इसे ग्लोइंग बनाने का काम भी करता है। यदि आप भी हेल्दी और खूबसूरत त्वचा पाना चाहती हैं, तो गुलाब जल को अपनी स्किन केयर रूटीन में शामिल करें।

गुलाब जल के फायदे

गुलाब जल में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो इसे त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा में नमी बनी रहती है। नियमित रूप से गुलाब जल का इस्तेमाल करने से न केवल आपके चेहरे पर ग्लो आता है, बल्कि यह मुंहासों और डार्क सर्कल्स जैसी समस्याओं को भी कम करता है।

गुलाब जल का उपयोग कैसे करें

क्लींजर के रूप में

गुलाब जल को क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करें। कॉटन बॉल में थोड़ी मात्रा में गुलाब जल लें और इससे अपने चेहरे को साफ करें। यह त्वचा से गंदगी और मेकअप हटाने में मदद करेगा, जिससे आपका चेहरा तरोताजा और साफ दिखाई देगा। रोजाना इस्तेमाल करने से त्वचा में निखार आएगा और रोमछिद्र भी बंद नहीं होंगे।

मेकअप रिमूवर

यदि आप मेकअप करती हैं, तो गुलाब जल का उपयोग इसे हटाने के लिए भी कर सकती हैं। कॉटन बॉल में गुलाब जल लगाकर चेहरे को साफ करें। यह न केवल मेकअप को हटाता है, बल्कि आपकी त्वचा को भी हाइड्रेट करता है, जिससे कोई भी इरिटेशन या ड्राईनेस नहीं होती।

फेस मास्क

गुलाब जल का इस्तेमाल फेस मास्क बनाने में करें। इसे विभिन्न तत्वों जैसे दही, शहद या चंदन पाउडर के साथ मिलाकर एक मास्क तैयार करें और इसे चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा में निखार आएगा और समस्याएं कम होंगी, जैसे कि फाइन लाइन्स और टैनिंग। हफ्ते में एक बार इस मास्क का उपयोग करने से त्वचा की चमक में इजाफा होगा।

मॉइस्चराइजर

गुलाब जल को मॉइस्चराइजर के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसे चेहरे पर लगाने से त्वचा को नमी मिलती है और ग्लो बढ़ता है। यह त्वचा को लम्बे समय तक हाइड्रेटेड रखता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है, जिससे आपकी त्वचा हमेशा ताजगी भरी दिखेगी।

गुलाब जल एक सरल लेकिन प्रभावी उपाय है, जिससे आप हेल्दी और ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। इसे अपने दैनिक स्किन केयर रूटीन में शामिल करके आप अपनी त्वचा को न केवल खूबसूरत बना सकती हैं, बल्कि इसके कई फायदे भी उठा सकती हैं। गुलाब जल का नियमित इस्तेमाल आपकी त्वचा के लिए एक वरदान साबित होगा।

यदि आपको यह जानकारी पसंद आई हो, तो इसे शेयर करें और अपने विचार हमें कमेंट बॉक्स में जरूर बताएं।

# यूपी एसटीएफ व एएनटीएफ ठाणे महाराष्ट्र की टीम ने किया ड्रग्स बनाने के गिरोह का पर्दाफाश

अयोध्या ।सोमवार को यूपी एसटीएफ व एएनटीएफ ठाणे महाराष्ट्र की संयुक्त टीम ने रौनाही थाना क्षेत्र के नसीरपुर गड्ढा रोड पर स्थित मारिया किड्स एंड गारमेंट्स के गोदाम पर छापा मारा ।इस मौके पर छापा मारने वाली संयुक्त टीम ने ड्रग्स बनाने के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मौके से मोहम्मद कयूम निवासी सद्दाम का पुरवा,मजरे भिटउरा, थाना रौनाही व विपिन बाबूलाल पटेल निवासी कस्बा व थाना चिलाडा अहमदाबाद गुजरात को गिरफ्तार किया है ।मालूम हो कि मोहम्मद कयूम जो कि इस गिरोह का सरगना है ।वह गोदाम में मेफेड्रान तैयार कर देश के गोवा, मुंबई, पुणे समेत देश के अन्य राज्यों के जगहों पर सप्लाई करता था ।जबकि टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया अन्य आरोपी विपिन केमिकल एक्सपर्ट के रूप में काम करता था ।इससे पहले भी वह मध्य प्रदेश में मेफेड्रान बनाते समय पकड़ा गया था ।जबकि दूसरा कयूम महाराष्ट्र में नारकोटिक्स के एक मुकदमे में वांछित था ।एएनटीएफ ठाणे टीम को सूचना मिली थी कि वह अयोध्या में छुपा हुआ है ।इसके बाद एसटीएफ की टीम के साथ अयोध्या के सोहावल इलाके में छापेमारी की गई ।कार्रवाई के दौरान टीम को 812 ग्राम नशीला पदार्थ में मेफेड्रान सहित भारी मात्रा में केमिकल्स व ड्रग्स बनाने के उपकरण बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को थाना रौनाही मे दाखिल कराकर न्यायालय से ट्रांजिट डिमांड प्राप्त करने के आवश्यक कार्य कार्यवाही हेतु एनटीएफ ठाणे द्वारा की जाएगी ।यह कार्यवाही निरीक्षक शिवनेत्र सिंह के नेतृत्व में विनय सिंह,उपनिरीक्षक रामनरेश प्रजापति, मुख्य आरक्षी सुधीर सिंह एसटीएफ की।

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद लखनऊ की जिला समिति की बैठक सम्पन्न



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा जनपद लखनऊ की जिला समिति की बैठक तहसील सरोजनी नगर में आहूत की गई जिसमें संवर्ग की समस्याओ पर विचार विमर्श के साथ साथ शासकीय व संगठन को बेहतर बनाने की वार्ता की गई तथा कश्मीर के पहलगाम की घटना मे निर्दोष लोगों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या पर शहीदों के लिए जिला संगठन के लेखपालों द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर उनकी पुन्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना सभा की गयी। सभा मे प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष श्री दिलीप कुमार बाथम जिला मंत्री श्री सुजीत कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती अदिति आर्या कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री कुमार सौरभ कोषाध्यक्ष विमल सिह के साथ साथ तहसील सरोजनी नगर अध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा मंत्री श्रीमती नीतू यादव उपमंत्री अमृताजंली सिंह जी कोषाध्यक्ष विश्राम जी कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार व तहसील अध्यक्ष मोहनलाल गंज श्री अमरीश कुमार सदर तहसील अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा राय मंत्री श्री प्रिंस राजी तहसील अध्यक्ष बक्शी का तालाब श्री पंकज शुक्ला मंत्री अनुज मिश्रा तहसील अध्यक्ष मलिहाबाद श्री पवन कुमार मंत्री दीपक कुमार व वरिष्ठ साथी पूर्व तहसील अध्यक्ष श्री आनंद प्रकाश तिवारी व श्री सत्येन्द्र कुमार यादव व अन्य लेखपाल साथी उपस्थिति रहें।

# प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

(डॉक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय का बस्ती में "संविधान बचाओ सम्मान रैली" के लिए जाते समय अयोध्या में स्वागत हुआ ।स्वागत कार्यक्रम के बाद पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेंद्र प्रताप सिंह की 18वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं पूर्व कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शिवपूजन पांडे के नेतृत्व मे अयोध्या कांग्रेस जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर जिले भर से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत कार्यक्रम में भाग लिया और बस्ती कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारी लव लश्कर के साथ में प्रस्थान किया ।इसके साथ ही अजय राय ने पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेंद्र प्रताप सिंह की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, पीसीसी सदस्य संजय तिवारी, अब्दुल हकीम, दिनेश शुक्ला, अमरीश पांडे, विकास सिंह विकी, रोहित यादव, रामचरित्र मौर्य, राहुल मौर्य, तेजबली पांडे, रामनरेश मौर्य, फैजान, बृहस्पति मनी पांडे, दिनेश यादव, प्रिंस यादव, बुद्धि लाल वर्मा, प्रदीप वर्मा, इंद्रोहण यादव, मोहम्मद यासीन, धर्मेंद्र, रितिक यादव, पीयूष यादव, फूलचंद यादव, उमाकांत कनौजिया, आकाश यादव, सत्रोहन यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, "आज जिस प्रकार से दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर सत्ता के बल पर हमले बढ़ रहे हैं, संविधान और कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है, यह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। भारतीय संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हमारे जन नेता श्री राहुल गांधी भारतीय संविधान की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष जारी रखेंगे"संविधान बचाओ सम्मान रैली" का आयोजन भारतीय जनता पार्टी की संविधान विरोधी नीतियों और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए किया गया।

# धोलेरा भारत का भविष्य - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का शहर

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। होटल रेगनेंट, निराला नगर में ष्धोलेरारू भारत का भविष्यष कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित पैनल परिचर्चा में उद्योग जगत के दिग्गजों, रियल एस्टेट विशेषज्ञों और निवेशकों , आध्यात्मिक क्षेत्र के एवं मीडिया संस्थानों ने भाग लिया और धोलेरा को भारत के विकास का अगला बड़ा केंद्र बताया। भारत के पहले और सबसे बड़े स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ष्धोलेरा स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन को लेकर जागरूकता फैलाने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात से आए देवेन्द्र सिंह जडेजा, अखिल व्यास और मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व मैं इस जागरूकता अभियान शुरुआत हुई । ये शहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 2047 का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए सपना देखा था और आज प्रधानमंत्री के रूप में साकार कर रहे हैं। धोलेरा को भारत का पहला ग्रीनफील्ड स्मार्ट सिटी और वैश्विक निवेश का गंतव्य बनाने का लक्ष्य है, जहाँ अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सस्टेनेबल विकास और वैश्विक मानकों के अनुरूप सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। भविष्य की संभावनाओं को समझते हुए आम नागरिकों को धोलेरा के अपार अवसरों से जोड़ने की यह कार्यक्रम एक मुहिम है जिसका उद्देश्य है कि धोलेरा की अनूठी संभावनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए उन्हें समय रहते निवेश के लिए प्रेरित किया जाए। धोलेरा में प्रस्तावित विश्वस्तरीय सुविधाएं को लेकर आज निवेश करें, भविष्य संवारेंष के मंत्र के साथ इस आयोजन ने न केवल निवेश के अवसरों की जानकारी दी, बल्कि धोलेरा के महत्व को रेखांकित किया।



कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के प्रतीक दीप प्रज्वलन से हुई । इस अवसर पर इंद्रा डेवलपर के संस्थापक निदेशक देवेंद्र सिंह जडेजा ने कहा कि हमारा उद्देश्य हर भारतवासी को इस अद्भुत अवसर से जोड़ना, साथ ही जानकारी उपलब्ध कराना है ताकि हर कोई आने वाले भविष्य में इस स्वर्णिम अवसर मैं अपनी भागीदारी निभा सके।ष्देवेंद्र सिंह जडेजा जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे मानवेंद्र सिंह, अखिल व्यास, ने कहा कि धोलेरा की प्रगति का यह अवसर निवेश, विकास और रोजगार के कई अवसर पैदा कर रहा है ।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पर जानलेवा हमला हालत नाजुक

लखनऊ, (संवाददाता)। मामला शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के माठा गांव का है। गांव निवासी बिपिन सिंह पर क्षेत्र के ही सिंदुरिया गांव के मोड़ के पास हमला हुआ। वह भाजपा के सिंहपुर मंडल के उपाध्यक्ष हैं। घटना के समय उनके साथ मौजूद सिक्की सिंह को मामूली चोटें आई हैं। जबकि,



तीसरा साथी दिलीप सिंह जान बचाकर भाग निकला था। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने बिपिन सिंह को सीएचसी सिंहपुर पहुंचाया। यहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर सुनील चौधरी ने उन्हें एम्स रायबरेली के लिए रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय ने बताया कि अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर उचित विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### तेज आंधी और बूंदाबांदी के बीच कई जगह पेड़ धराशायी, बिजली गिरने से किशोरी की मौत

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अयोध्या में कई इलाकों में रविवार को सुबह से ही मौसम अचानक बदल गया। धूल भरी तेज आंधी और बूंदाबांदी के बीच कई स्थानों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। बिजली के तार टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। वहीं एक जगह बिजली गिरने से किशोरी की मौत हो गई है। जिले के अलग–अलग इलाकों में मौसम का बदलाव देखने को मिला। कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली। इसके चलते पेड़ और उनकी शाखाएं टूट कर गिर गईं। खेतों में काटकर रखे गए गेहूं के गट्ठर उड़ गए। इससे किसानों को नुकसान हुआ है। बीकापुर के हैदरगंज क्षेत्र के पूरे मनोहर बेरूगंज गांव में बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोरी वैष्णवी की मौत हो गई। वह गेहूं के खेत में मड़ाई करने गई थी। इसी दौरान तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गई। खेत में मौजूद अन्य लोग बाल–बाल बच गए। किशोरी के परिवार में कोहराम मच गया। हैदरगंज थानाध्यक्ष विवेक राय मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बीच दोपहर 12रू00 के बाद शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर धूल भरी आंधी आई। थोड़ी बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि यह कुछ ही देर में थम गई। आसमान में अभी भी बादल छाए हुए हैं। हवा चलने से मौसम खुशनुमा है। तापमान में गिरावट आ गई है। लोगों को गर्मी से निजात मिल गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर आयुक्त ने किया शिवरी प्लांट का निरीक्षण, कार्यों की समीक्षा

लखनऊ, (संवाददाता)। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को शिवरी प्लांट का निरीक्षण किया। इसके बाद नगर निगम के इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, डॉ. अरविंद कुमार राव, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक में नगर आयुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की और समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूरा करने को कहा। इंजीनियरिंग विभाग को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि अधूरे कार्यों को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। बैठक में सीवर, सड़क निर्माण, जल निकासी और सफाई व्यवस्था के कार्यों पर चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिलना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मौसम में बदलाव की आहट, तपिश से राहत

लखनऊ, (संवाददाता)। मौसम विभाग की ओर से राहत भरी खबर आई है। रविवार से मौसम में बदलाव की आहट है। इससे राजधानी में तीखी धूप और गर्म हवा के थपेड़ों से अगले दो–तीन दिनों के लिए राहत मिलने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को हवा का रुख बदल कर पूर्वा हो जाएगी और लखनऊ में बादलों की आवाजाही रहेगी। वहीं रविवार और सोमवार को लखनऊ में गरज–चमक संग बूंदाबांदी के भी संकेत हैं। लखनऊ में अगले तीन–चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री तक की गिरावट आने के आसार हैं। बदले हुए मौसम में पारा गिरेगा और लोगों को राहत मिलेगी। शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.7 डिग्री की गिरावट के साथ 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं रात का पारा 0.7 डिग्री की बढ़त के साथ 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ।

### सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव प्रचार थमा, सोमवार को पड़ेंगे वोट

लखनऊ, (संवाददाता)। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए शनिवार को चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। सोमवार को बार के वैध मतदाता अध्यक्ष और महासचिव समेत 22 पद के लिए 128 प्रत्याशियों के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे। सेंट्रल बार के चुनाव के लिए नियुक्त किए गए मुख्य चुनाव अधिकारी उमाशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि हाईकोर्ट के निर्देश पर एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन का चुनाव करा रही है। चुनाव में अध्यक्ष–वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष के एक–एक, उपाध्यक्ष मध्य के दो, संयुक्त सचिव के तीन, वरिष्ठ कार्यकारिणी और कनिष्ठ कार्यकारिणी के छह–छह पदों के लिए कुल 128 प्रत्याशियों ने दावेदारी पेश की है। सोमवार को मतदान सुबह नौ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक चलेगा। सेंट्रल बार के इस चुनाव के चलते कोर्ट के सामने वाली सड़क पर आवाजाही बंद रहेगी। सड़क पर ही मतदान स्थल बनाया गया है। सुरक्षा और व्यवस्था के चलते सोमवार को जिला न्यायालय का गेट नंबर दो और तीन भी बंद रहेगा, लेकिन कोर्ट के खुले होने के कारण वादकारियों का कोर्ट के अन्य गेट से आवागमन रहेगा।

# फूड स्टॉलकर्मी की मौत मामले में आरोपी पत्नी व उसका नाबालिग प्रेमी पकड़ा गया

लखनऊ, (संवाददाता)। मड़ियांव पुलिस ने फूड स्टॉलकर्मी अनिल शर्मा (21) की मौत के मामले में उनकी पत्नी पलक और उसके नाबालिग प्रेमी को पकड़ा है। आरोपी महिला को जेल और उसके नाबालिग प्रेमी को बाल सुधार गृह भेजा गया है। अनिल के पिता गुडडू ने मृतक की पत्नी पलक, सास पूनम शर्मा, ससुर मुल्लू शर्मा और प्रेमी के खिलाफ हत्या, मारपीट व धमकी की धाराओं में केस दर्ज कराया था। उनके अनुसार, पलक प्रेमी से फोन पर बात करती थी। वह घर भी आया था। इसे लेकर अनिल का पत्नी से अक्सर झगड़ा होता था। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि 20 अप्रैल को दाऊदनगर के 60 फिटा रोड स्थित नाले में फैजुल्लागंज के मामा कॉलोनी निवासी अनिल का शव मिला था। परिजनों के मुताबिक 11 अप्रैल की रात अनिल व पलक में मारपीट हुई थी। परेशान होकर 12 अप्रैल की सुबह अनिल घर से चले गए थे। 14 अप्रैल को परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अनिल की मौत की वजह डूबना आया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या की धारा को हटाते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस को तरमीम कर दिया था। कार्रवाई न होने पर गुड्डू शर्मा ने शनिवार को महानगर स्थित पुलिस आयुक्त दफ्तर में शिकायत की। आरोप लगाया कि बहू के कारण ही उनके बेटे की मौत हुई है। 20 अप्रैल से मड़ियांव पुलिस ने पलक को हिरासत में ले रखा है। लेकिन कार्रवाई नहीं की है। अधिकारी ने इंस्पेक्टर से पूरी जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि अनिल की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है और उसके नाबालिग प्रेमी को भी पकड़ा गया है। दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# चिकनकारी कंपनियों की फर्जी आईडी बनाकर ठगी करने वाले तीन गिरफ्तार

लखनऊ। चिकनकारी कंपनियों की फर्जी आईडी बनाकर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को एसटीएफ ने कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपी सोशल मीडिया के जरिये लोगों को झांसे में लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों में कोलकाता निवासी होटल मैनेजमेंट का छात्र मो. सईद हुसैन, बीकॉम का छात्र मो. जाबिर और 12वीं पास जैनब जाकिर है। एसटीएफ में एएसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक सात अप्रैल को हजरतगंज स्थित मेहरकरी चिकन कंपनी के मालिक अथर्व आर्या ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों ने उनकी कंपनी के नाम पर एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर लोगों से कपडों का ऑनलाइन ऑर्डर लिया। कंपनी का नाम, जीएसटी नंबर व पते का उपयोग कर जाली दस्तावेज तैयार किए। ऑर्डर की इनवाइस लोगों को व्हाट्सएप पर भेजे थे। इसके जरिए पूरे देश में ठगी की थी। पूछताछ में पता चला कि मो. सईद हुसैन की मौसी का बेटा जाबिर पूर्व में विप्रो कंपनी में नौकरी करता था। वह जालसाजी करने वाली कंपनी में भी काम कर चुका है। जाबिर वर्तमान में जाबिर हम्जा गारमेंट नाम से कंपनी बनाकर ऑनलाइन कपड़ों का ऑर्डर लेकर बेचने का काम कर रहा था। जाबिर ने सईद व उसकी महिला मित्र जैनब जाकिर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चिकनकारी कंपनियों के नाम से फर्जी पेज बनाकर ऑनलाइन ठगी का तरीका सुझाया था। सईद व जैनब ने फेक पेज बनाए और जनवरी 2025 से ठगी कर रहे थे।

आरोपी नजाकत चिकन कंपनी की इंस्टा आईडी से कपड़ों की फोटो निकालकर द चिकनकारी व अन्य इंस्टा आईडी पर उसे पोस्ट कर ऑनलाइन ऑर्डर लेते थे। इसके लिए विभिन्न कंपनियों की जीएसटी नंबर व पते का दुरुपयोग करते थे। आरोपी यूवीआई और बैंक खाते में रकम मंगाते थे। आरोपियों को बैंक खाते उनका साथी रोहित मन्ना उपलब्ध कराता था। एसटीएफ आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

# रसायनों से संरक्षित किए जा रहे 163 साल पुराने नक्शे

लखनऊ, (संवाददाता)। एलडीए रिकॉर्ड रूम में रखे नजूल भूमि के 163 साल पुराने मानचित्रों को केमिकल ट्रीटमेंट से सहेजा जा रहा है। वर्ष 1862 के मानचित्र धूल, नमी और दीमक लगने से खराब हो गए थे। मानचित्रों व फाइलों को स्कैन कर अब डिजिटली सहेजा जा रहा है। शनिवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने नई बिल्डिंग के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण भी किया। पुराने मानचित्रों के संरक्षण का काम एलडीए की नई बिल्डिंग पर स्थित रुद्राक्ष सभागार में ही किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था इंटेक कंजर्वेशन इंस्टीट्यूट की टीम मानचित्रों की फोटोग्राफी करने के बाद केमिकल ट्रीटमेंट के जरिये इन्हें संरक्षित कर रही है। नजूल भूमि के कुल 203 मानचित्र संरक्षण कार्य के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से 102 मानचित्रों को ट्रीटमेंट के माध्यम से सफलतापूर्वक संरक्षित कर लिया गया है। इसी तरह फाइलों की स्कैनिंग व डिजिटाइजेशन का कार्य भी प्रगति पर है। एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार ने निर्देश दिए कि नई बिल्डिंग के तीसरे तल पर केवल मानचित्र व नियोजन अनुभाग की पूरी टीम बैठे। अभियंत्रण की टीम चतुर्थ व पंचम तल पर शिफ्ट होगी। अन्य अनुभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों के बैठने के लिए भी तल व कक्ष निर्धारित किए गए।

# अराजक तत्व बिगाड़ सकते हैं यूपी का माहौल, धार्मिक स्थलों पर रहें विशेष सतर्क

लखनऊ, (संवाददाता)। डीजीपी प्रशांत कुमार ने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुये आतंकवादी हमले के बाद कुछ असामाजिक एवं शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा सकती है। लिहाजा पुलिस हाई अलर्ट पर रहे और धार्मिक स्थलों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, कश्मीरी छात्रों एवं दुकानदारों आदि की सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि नेपाल बार्डर और सभी अंतरराज्यीय बार्डर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समुचित पुलिस प्रबंध कर प्रभावी चेकिंग कराई जाए। सभी टोल प्लाजा पर भी आवश्यक पुलिस प्रबंध एवं निगरानी की जाए। नेपाल बार्डर के महराजगंज, श्रावस्ती, सिद्वार्थनगर, खीरी, पीलीभीत, बहराइच, बलरामपुर में एसएसबी की मदद से चेक पोस्टों पर चौकसी रखी जाए। संवेदनशील क्षेत्रों तथा चिन्हित हॉट स्पॉट पर ड्रोन से निगरानी की जाए। धार्मिक स्थला, पूजा स्थलों पर आपत्तिजनक सामग्री चस्पा करने की हरकतों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा का भी खास ध्यान रखा जाए। होटल, धर्मशाला, गेस्टहाउस, नये किरायेदारों का शत–प्रतिशत पुलिस सत्यापन अवश्य सुनिश्चित कराया जाए। कट्टरपंथिया, असामाजिक तत्वों की निगरानी करें। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों पर भी सतर्क दृष्टि रखी जाए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के मुताबिक जिन शार्ट टर्म वीजा वाले पाकिस्तानी नागरिकों के वापस



जाने की मियाद आज खत्म हो रही थी, उन्हें वापस भेज दिया गया है। एक महिला को 30 अप्रैल को भेजा जाएगा। ऐसे तकरीबन 50 पाकिस्तानी नागरिक एलआईयू के जरिए वापस भेजे गए हैं। अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वार को योगी सरकार खुद के लिए अवसर बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार नई निर्यात नीति लाने जा रही है। इसमें इन्वेस्ट यूपी को और प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा। देश–दुनिया में ब्रांड यूपी के प्रचार प्रसार के लिए प्रस्तावित निर्यात नीति में निर्यात संवर्धन कोष भी बनेगा। एमएसएमई सेक्टर के लिए तो यह टैरिफ वार सुनहरा अवसर साबित हो सकता है। यहां बता दें कि चीन, अमेरिका को रोजमर्रा के समानों का सबसे बड़ा 148 अरब डॉलर निर्यातक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इन सामानों के निर्यात में चीन की हिस्सेदारी करीब 72 फीसदी है,जबकि भारत की हिस्सेदारी सिर्फ 2 फीसदी। ये तमाम उत्पाद एमएसएमई इकाइयों में बनते हैं। एक जिला–एक उत्पाद योजना के शुरुआत के बाद से राज्य का निर्यात 88967 करोड़ रुपये से बढ़कर दो लाख करोड़ से अधिक का हो गया है। अब सरकार का लक्ष्य 2030 तक इसे तीन गुना करने का है।

# सामाजिक व पारिवारिक मान्यताएं के बंधन से नहीं रुकतीं अब महिलाएं

लखनऊ, (संवाददाता)। हाल में चारों तरफ अंधेरा, मंच पर रोशनी और एक किरदार, जिन्होंने एकल नाटक के जरिये दर्शकों को घंटों बांधे रखा। मौका था दस्ताने कहानियों के मंचन का। गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के सभागार में मंचन के जरिये यह संदेश दिया गया कि अब महिलाएं सामाजिक व पारिवारिक मान्यताएं के बंधन से नहीं रुकती हैं। मंचकृति समिति की ओर से चल रहे 17 दिन 50 कहानियों की सीरीज में शनिवार को पहले चरण में डॉ. मंजू शुक्ला की लिखित दस्ताने को मिन्नी दीक्षित ने बड़ी सादगी के साथ अभिनय किया। यह संदेश भी दिया गया कि आज शिक्षा स्वास्थ्य और कला सभी क्षेत्रों में महिलाएं सफलता का परचम लहरा रही हैं। दूसरे चरण में डॉ. अमिता दुबे की लिखित कहानी पेइंग गेस्ट की प्रस्तुति हुई। इनमें डॉ. मालविका त्रिवेदी, भानु प्रकाश, अर्चना शुक्ला व काव्या मिश्रा ने अभिनय किया। इस कहानी में भी महिलाओं को केंद्र बिंदू में रखा गया है। मंचन के तीसरे चरण में ज्योत्सना सिंह की लिखित कहानी इश्क पर जोर नहीं का मंचन हुआ। इनमें बॉबी अशोक सिंहा, अनुपमा शरद अचला बोस ने अभिनय किया।

# मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता आरएसकेडी पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश्वर शुक्ला ने किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर संजय चौबे ने छात्र एवं छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वालों को प्रोत्साहित किया एवं पुरस्कार वितरित किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सत्यराम प्रजापति द्वारा छात्र एवं छात्राओं को जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद प्रदान किया। कॉलेज में 85: से अधिक अंक प्राप्त करने वाले इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में आयशा कयूम, आकांक्षा, अनामिका गुप्ता एवं हर्ष वाणिज्य वर्ग में शहिबा बानो, इच्छा चौबे तथा कला वर्ग में पलक अग्रहरि एवं रूपाली मोदनवाल। इसी तरह हाई स्कूल में 92 प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राएंअजीत राव, दीपांशु गौड़, सोनम यादव, उजाला मौर्य एवं खुशबू बिना बिन्द रहीं। विद्यालय के उप प्रबंधक जियाराम यादव ने मेधावी छात्र–छात्राओं को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कपूर ने छात्र–छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रवक्ता प्रेमचंद,अशोक कुमार तिवारी, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, डॉ बृजेश कुमार सिंह, रमेश कुमार ,राम प्रताप, नागेंद्र प्रसाद ,यादव सुभाष ,आनंद तिवारी पवन कुमार साहू ,सूरज कुमार एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता बृजभूषण यादव ने किया।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का हुआ समापन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती को जनपद में 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' की टैगलाइन के अंतर्गत उत्साह के रूप में मनाया गया। ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' के अन्तर्गत भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर 14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 पखवाड़ा तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमः समारोह के समापन के अवसर पर कलेक्ट्रट परिसर, जौनपुर से प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी को सदस्य विधान परिषद, उ0प्र0 बृजेश सिंह ''प्रिंशु'', जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र एवं मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया द्वारा संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। रैली में परिषदीय विद्यालय के0जी0वी0बी0 एवं इंटरमीडिएट के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एम0एल0सी0 एवं जिलाधिकारी द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर से सम्बन्धित नारों का उद्घोष करवाकर उपस्थित सभी को जोश से लबरेज कर दिया। प्रभात फेरी का समापन अम्बेडकर तिराहे पर भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया, तथा एम0एल0सी0 जी द्वारा ''हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान'' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सरकार की मंशानुरुप भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के आदर्शों, समाज में हुए बदलाव तथा संविधान की भावना के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि ग्राम, ब्लॉक, विकासखंड, तहसील सहित बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न विद्यालयों में इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ और बाबा साहब के विचारों को आत्मसात किया गया।

जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वहाँ उपस्थित गणमान्य एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को बताया गया कि किस प्रकार भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर जी ने शिक्षा के बल पर समाज में आमूल–चूल परिवर्तन लाया तथा भारत जैसे लोकतांत्रिक एवं विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों वाले देश में सबसे बड़े संविधान की रचना की।



इस रैली में अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबष्ट, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग के एस0आर0जी0, शिक्षक–शिक्षिकायें एवं छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# शादी से दो दिन पहले हुए हादसे में दुल्हन की मौत, तीन घायल

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) शादी से दो ही दिन पहले हुए हादसे में दुल्हन की मौत हो गई, जबकि उसके तीन घर वाले भी घायल हो गए। सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री आवास का छज्जा एका–एक गिर गया, जिससे दुल्हन और उसके घर वाले मलबे के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा मलबा हटायाजा रहा था, लेकिन उससे पहले ही दुल्हन की मौत हो गई। इस हादसे के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। जानकारी के अनुसार अतरौली थाने के सिंहपुर निवासी परशुराम की 18 वर्षीय पुत्री अंजनी की बुधवार (30 अप्रैल) को बारात आनी थी, घर वाले शादी की तैयारियों में जुटे हुए थे, सोमवार को अंजनी अपने घर की गीता देवी, सपना और सुभाष के साथ अपने घर के दरवाजे पर बैठी हुई थी। उसी बीच परशुराम के प्रधानमंत्री आवास का छज्जा गिर पड़ा, जिससे सारे लोग मलबे में दब गए, हादसा होने का पता होते ही गांव वाले दौड़ कर मलबा हटाने लगे, लेकिन उससे पहले ही अंजनी की मौत हो गई, जबकि गीता देवी, सपना और सुभाष का सीएचसी कोथावां में इलाज चल रहा है।

# दोषियों के खिलाफ शख्स से शख्स कार्रवाई करें सरकार : अरविन्द पटेल

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर–जिला मुख्यालय पर सरदार सेना सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में राज्य पाल को नामित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र सिंह को सौपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष ने बताया कि मंगलवार को वाराणसी के एक जघन्य एवं क्रूर घटना हेमंत कुमार पटेल की हत्या कर दी गयी।जो की ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल नटिनियादाई वाराणसी में 12वीं कक्षा का छात्र था। जिसको उपरोक्त दिनांक को ही दिन में लगभग 1रू30 बजे उपरोक्त स्कूल संचालक राज विजेन्द्र सिंह ऊर्फ रवि सिंह ने फोन करके स्कूल में बुलाया,रवि सिंह ने हेमंत पटेल को घर से लेने के लिए उसके दो दोस्त शशांक व किशन को उनके घर भेजा,जो हेमंत को लेकर ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल पहुंचे।स्कूल के ऑफिस से उपरोक्त तीनों हेमंत को लेकर रवि सिंह के घर स्थित गाड़ी गैराज के एक कमरे में लेकर गये।जहां लगभग 2रू30 बजे रवि सिंह द्वारा शशांक के सामने हेमंत के कनपटी पर सटाकर अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दिया गया।हेमंत को बीएचयू ट्रामा सेन्टर ले जाया गया जहां हेमंत को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।बड़े ही मशक्कत के उपरान्त शिवपुर वाराणसी में एफआईआर हो पाया।उसके उपरान्त केवल अभी तक रवि सिंह की गिरफ्तारी हो पायी है। अन्य अभियुक्त



को तत्काल गिरफ्तार कर शख्स से शख्स दण्ड का प्रावधान तत्काल सुनिश्चित किया जाय ।सरदार सेना पीड़ित परिवार हेतु निम्नवत मांग करता है।

1–संपूर्ण हत्यारों की गिरफ्तारी कर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।

2– उपरोक्त अभियुक्तों के घर पर तत्काल ध्वस्ती करण की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

3– ज्ञान दीप इंग्लिश स्कूल की मान्यता रद्द कर स्कूल पर ध्वस्ती करण की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

4– यशरूकाई हेमंत के परिजनों हेतु योगी सरकार तत्काल एक करोड़ रुपए की धनराशि निर्गत करें।

5–पीड़ित परिवार के बीच एक सरकारी नौकरी सरकार द्वारा तत्काल मुहैया कराया जाए।

6–पीड़ित परिवार को तत्काल शस्त्र लाइसेंस निर्गत किया जाए।

इस मांग को लेकर जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपने के दौरान कहा कि अगर यह मांग पूरी नहीं होती है तो अन्यथा की स्थिति में समाज के हजारों लोग हेमंत पटेल को न्याय दिलाने के लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री का घेराव करने पर मजबूर होंगे।जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में जंगल राज जैसा हो गया है। प्रदेश में कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। कब किसके साथ कहा कौन सी घटना घट जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।उन्होंने यह भी कहा कि जहां उत्तर प्रदेश के मुखिया कहते हैं कि अपराधी प्रदेश छोड़ दिए हैं वहीं दूसरी तरफ पुरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।ज्ञापन सौंपने के दौरान हीरालाल विश्वकर्मा,दीपक आर विश्वकर्मा, रविशंकर यदुवंशी,विपिन पटेल,अमर बहादुर चौहान,राजेश पटेल,तूफैल अहमद, सर्वेश कुमार यादव, राजकुमार सिंह पटेल,पिन्टू पटेल, रितिक विश्वकर्मा,राजेश पटेल, प्रतीक सिंह, सरोज कुमार, संदीप गिरी,अमन कुमार, अवधेश मौर्य,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# समोसा ठंडा होने को लेकर मारपीट कर रहे चार गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जफराबाद ।क्षेत्र के कबूलपुर बाजार में सोमवार को एक दुकान से गर्म ठंडा समोसा के विवाद में मारपीट हो गयी ।जिसमे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया ।द क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी कन्हैया यादव की कबूलपुर बाजार में नाश्ते की दुकान है । सोमवार की दोपहर नीलकंठपुर गांव निवासी दो युवक उनकी दुकान पर पहुंचे वहां समोसा खरीदा। विनोद चौहान द्वारा समोसा ठंडा होने की बात कही गई। बस इसी ठंडा–गरम समोसे को लेकर बात इतनी आगे बढ़ गई कि दुकानदार और ग्राहक दोनों मारपीट पर उतारू हो गए । इसी बीच किसी ने जफराबाद थाने पर सूचना दे दी । उधर रास्ते से ही गुजर रहे उपनिरीक्षक जयराम यादव तत्काल मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मौके से कन्हैया लाल यादव ,आजाद यादव निवासी बीबीपुर तथा दूसरे पक्ष से विनोद चौहान , दीपक चौहान निवासी नीलकंठपुर जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव का कहना है कि चारों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया।

# पहलगाम में आतंकवादियों के खिलाफ नहीं बल्कि इनके आकाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी : रीता बहुगुणा जोशी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,28 अप्रैल ।जनपद के मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज में सोमवार को बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा अयोजित एक देश एक चुनाव कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बातचीत में कहा कि लोकतंत्र में सबसे



ज्यादा जरूरी होता है स्थायी सरकार,राष्ट्र की प्रगति के लिए एक देश एक चुनाव जरूरी है,क्योकि जनता का धन जनता के ही कार्यो में व्यय हो।एक देश एक चुनाव का सुझाव सबसे उपयुक्त है।विपक्ष गलत प्रचार कर रहा है क्योंकि विपक्ष को क्षेत्र ,भाषा,जाति और कभी अपने ब्यक्तिगत छवि को लेकर चुनाव करना होता है।अगर एक देश एक चुनाव ब्यवस्था पर वही पार्टियां ज्यादा सक्रिय होंगी जो राष्ट्र चिंतन के बारे में सोचेंगी।इस ब्यवस्था से बाहुबल खत्म होगा,धन बल खत्म होगा और निष्पक्ष चुनाव होगा। रीता बहुगुणा जोशी ने पहलगाम की घटना को लेकर कहा कि बहुत दुखद घटना हुई है यह मानवता पर प्रहार है यह सिर्फ कश्मीरियत या कश्मीर की लड़ाई नही,यह इंसान के दिलो को दहलाने वाली बात है,सरकार बहुत ही कड़े कदम उठाएगी न सिर्फ इन आतंकवादियों के खिलाफ नहीं बल्कि इनके आकाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।इस घटना के बाद सिर्फ दो देश चीन व ईरान को छोड़कर पूरा विश्व भारत के साथ है।

# महिला एसओ आशा शुक्ला ने छात्राओं को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति किया जागरूक



अयोध्या।सोमवार को मिशन शक्ति फेज–5 के तहत महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला ने कविता सिंह,गायत्री व अन्य महिला पुलिस कर्मियों के साथ आर्य कन्या इंटर कालेज जाकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति छात्रों उनके शिक्षकों तथा स्कूल के कर्मचारियों को जागरूक किया।इस मौके पर उन्होंने अपने टीम के द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही अति महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल सुकन्या योजना और हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। इस मौके पर वहां पर मौजूद छात्राओं ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा संबंधी प्रश्न में महिला थाना अध्यक्ष आशा शुक्ला तथा उनकी टीम से पूछा।जिसका उन्होंने विस्तृत रूप से जानकारी दिया।इस मौके पर पुलिस सहायता हेतु विमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में बताया गया।

# वन नेशन वन इलेक्शन विकसित भारत की नींव है - प्रेमावती



हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना) सोमवार को अपराह्न 04 बजे जिला पंचायत भवन के सभागार में वन नेशन वन इलेक्शन सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन विकसित भारत की नींव है। पीएम मोदी उस नींव को डालने में सबका साथ चाहते है। भाजपा सरकार में देश जिस गति के साथ आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है, यदि उसमें एक देश एक चुनाव की परिपाटी और पड़ जाए तो भारत की आर्थिक प्रगति की रफ्तार १०० गुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे संघीय ढांचे पर चोट बताता है, उसे याद करना चाहिए कि 1952 से लेकर 1967 तक देश में एक साथ चुनाव हुए हैं, तब संघीय ढांचे पर प्रहार नहीं हुआ, तो अब कैसे होगा।

व्यापारी सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह इलेक्शन भारत की चुनावी राजनीति में एक बहुत बड़ा रिफॉर्म है। उन्होंने कहा कि श्वन नेशन वन इलेक्शनश की कवायद 1983 से चल रही है। तब इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की पहली रिपोर्ट आई थी। उसमें भी कहा गया था कि देश में एक साथ चुनाव होने चाहिए। प्रेमवती ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 1983 में तो भाजपा सरकार नहीं थी फिर ये कमीशन किसने बैठे थी। उन्होंने कहा कि इसके बाद कई रिपोर्ट आई, उसमें भी कहा गया कि देश में चुनाव एक साथ ही होने चाहिए। कांग्रेस पार्टी की राजनीति मुंह में राम और बगल में छुरी वाली है। कांग्रेस जब सत्ता में होती है तो अपनी सत्ता को बरकरार रखने के लिए कोई कमीशन कोई संशोधन करने को तैयार रहती है। चाहे देश को कितना बड़ा ही नुकसान क्यों न उठाना पड़ जाए। कार्यक्रम में व्यापारी वर्ग को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि राष्ट्रपति कोविंद की एक देश एक चुनाव रिपोर्ट बताती है कि अगर विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ हो जाएं तो जीडीपी में एक से डेढ़ प्रतिशत का इजाफा होगा। हम सबको समझना होगा कि इस कवायद से देश के उद्योग जगत को कितना लाभ पहुंचेगा। इस लाभ का सबसे बड़ा फायदा युवा, किसान, गरीब और महिलाओं को पहुंचेगा। कहा कि कमेटी ने देश में पंचायत और नगर निकाय के चुनावों को भी एक साथ कराने का जिक्र किया है।

# हत्या के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी इरफान गिरफ्तार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। सरायख्वाजा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी इरफान को रविवार रात को गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में सोमवार को जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि

इरफान पर आदर्श राजपूत की हत्या का आरोप है। 28 सितंबर 2024 को आरोपियों ने आदर्श राजपूत का अपहरण किया था। उन्होंने मृतक के



फोन से उसके परिजनों को फिरौती के लिए संदेश भेजे। बाद में पहचान उजागर होने के डर से 28–29 सितंबर की रात को आदर्श को अंबेडकर नगर के अकबरपुर क्षेत्र में नहर में डुबोकर मार डाला।

इस मामले में पहले ही तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें मेरठ के प्रदीप कश्यप, जौनपुर के रवि प्रजापति और आरिफ अहमद शामिल हैं। फरार चल रहे 25 वर्षीय इरफान को 27 अप्रैल को कोठवार से जमुहाई जाने वाली सड़क पर चांदी गहना मोड़ पुलिया के पास से पकड़ा गया।

पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश में चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना सरायख्वाजा पुलिस और एसटीएफ की टीम ने यह सफलता हासिल की। आरोपी को कानूनी कार्रवाही के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# पांच वर्षीय मासूम के साथ अश्लील हरकत, आरोपी पुलिस के हवाले

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर जफराबाद कस्बे के ताड़तला मोहल्ले में रविवार शाम एक मंदिर के पास खेल रही पांच वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक द्वारा अश्लील हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। मोहल्ले के लोगों ने मौके पर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ले की कुछ मासूम बच्चियां मंदिर परिसर में खेल रही थीं। इसी दौरान सैयदअलीपुर निवासी खुर्शीद आलम उर्फ मोहम्मद हमजा पुत्र हमीद उल्ला वहां पहुंचा और एक बच्ची को बहला–फुसलाकर मंदिर के पीछे एकांत स्थान पर ले गया, जहां उसने अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। बच्ची के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल आरोपी को जफराबाद थाने ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एसकेडी एकेडेमी को व्यूसोनिक के प्रतिष्ठित फ्यूचर स्कूल प्रोग्राम के तहत भारत का दूसरा फ्यूचर स्कूल बनने का गौरव प्राप्त

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में 40 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत रखने वाली एसकेडी एकेडेमी




को व्यूसोनिक के प्रतिष्ठित फ्यूचर स्कूल प्रोग्राम के तहत भारत का दूसरा फ्यूचर स्कूल प्रमाणित किया गया है। यह उपलब्धि भविष्य के लिए तैयार, तकनीक–सक्षम कक्षाओं के निर्माण की दिशा में अकादमी के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। व्यूसोनिक, जो वैश्विक स्तर पर एडटेक समाधान में अग्रणी है, के सहयोग से एसकेडी एकेडेमी ने अपने शिक्षण वातावरण को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित किया है। इसमें इंटरएक्टिव फ्लैट पैनल्स, मायव्यूबोर्ड टूल्स, क्लासस्विफ्ट एनालिटिक्स, और केंद्रीकृत आईटी प्रबंधन का एकीकृत उपयोग शामिल है।

एसकेडी एकेडेमी के संस्थापक निदेशक श्री मनीष सिंह ने इस अवसर पर कहा,–ष्एसकेडी अकादमी में नवाचार और शिक्षा साथ–साथ चलते हैं। यह प्रमाणन हमारे इस संकल्प को और मजबूत करता है कि हम अपने छात्रों को भविष्य के लिए आवश्यक कौशल और दूरदर्शिता से तैयार कर रहे हैं।ष व्यूसोनिक इंडिया के उपाध्यक्ष श्री मुनीर अहमद ने कहा,–षशिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाने की इस यात्रा में एसकेडी एकेडेमी के साथ साझेदारी करना हमारे लिए गर्व की बात है। अत्याधुनिक एडटेक समाधानों को अपनाकर एसकेडी एकेडेमी ने उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है।ष

# पाँच माह से अटका मृत्यु प्रमाण पत्र जिलाधिकारी ने तत्काल जारी कराया

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

आज जन सुनवाई के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र का एक प्रकरण जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के समक्ष आया। जनपद के हरपालपुर विकास खण्ड के तिथिगाँव निवासी एक दिव्यांग राघवेंद्र सिंह जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने बताया कि उनके चाचा राजवीर सिंह का देहांत 20 अप्रैल 2024 को हो चुका है। लेकिन सचिव की ओर से मृत्यु प्रमाण पत्र अभी तक जारी नहीं किया है। इस कारण उनकी चाची को कोई लाभ



नहीं मिल पा रहा है। उनकी चाची की विधवा पेंशन नहीं बन पा रही है। जिलाधिकारी ने तत्काल खण्ड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता से फोन पर बात की और आज ही मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमाण पत्र जारी न होने पर सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। राघवेंद्र ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया और खुश होकर जन सुनवाई कक्ष से निकले।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।